न्यायालय— अवर न्यायाधीश तृतीय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण

स्वत्व वाद संख्या :— 14/2020
CIS No. :— TS/14/2020
CNR No. :— BRWC22–000020–2020

सरल राम एवं अन्य बनाम् **साहब साह एवं अन्य**

दिनांक	आदेश फलक	अभियुक्ति
27.01.2022	अभिलेख वर्चुअल मोड में पेश हुयी। वादीगण की ओर से वर्चुअल मोड द्वारा अभिलेख में पैरवी की गयी। वादीगण वर्चुअल मोड द्वारा संचालित कार्यवाही में उपस्थित हुए तथा प्रतिवादीगण अनुपस्थित। वादीगण के विद्वान अधिवक्ता को प्रतिस्थापन प्रार्थना पत्र दिनांक—27.01.2022 पर सुना गया। प्रार्थी के द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 27.01.2022 आदेश 22 नियम 3 सिविल प्रक्रिया संहिता इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि वादी संख्या—12 सिताबी चमार की मृत्यु दिनांक 07.11.2021 को हो गया है। उनके वारिसान को प्रतिस्थापित करने की याचना किया है। सुना एंव अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से विदित है कि प्रतिस्थापन प्रार्थना पत्र समयावधि के अन्दर है। प्रार्थना पत्र शपथ पत्र से समर्थित है। अत: वाद के अग्रसारण हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 27.01.2022 स्वीकार किये जाने योग्य है। **आदेश** प्रार्थना पत्र दिनांक 27.01.2022 स्वीकार किया जाता है। वादपत्र में वांछित संशोधन/प्रतिस्थापना विधि द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर करें। अभिलेख वास्ते अग्रिम कार्यवाही/प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु दिनांक—19.02.2022 को पेश हो। अवर न्यायाधीश तृतीय न्याय कक्ष—4 नरकटियागंज।	